मैने जब से मनाई शेरावाली मेरे घर में है हर दिन दिवाली

मैने जब से मनाई शेरावाली,
मेरे घर में है हर दिन दिवाली।bd।

मेरी मईयां की शान निराली है,
अपने भक्तों की करे रखवाली है,
माँ ने मुझ पे नजर जो डाली,
मेरे घर में है हर दिन दिवाली।bd।

दानव को रण में मार दिया,
संतो को भव से पार किया,
बडी प्यारी है शेरा वाली,
मेरे घर में है हर दिन दिवाली।bd।

मैने शरण जो माँ की पाई है,
मेरी चिंता माँ ने मिटाई है,
नाचूँ गाउँ बजाउं मै ताली,
मेरे घर में है हर दिन दिवाली।bd।

सुरेन्द्र सिंह का ये तराना है,
मेरा दिल तो माँ का दिवाना है,
मैने सेवा जो मा की ठाली,
मेरे घर में है हर दिन दिवाली।bd।

मैने जब से मनाई शेरावाली,
मेरे घर में है हर दिन दिवाली।bd।

गायक – सुरेन्द्र सिंह निठौरा।
9999641853

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com